प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, क्योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

डाक पंजीयन क्रमांक

बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 / 2016-17

# दैनिक यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https:// dainikyashonnati. com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 58 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 23 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## बालाघाट में मौसम खराब, नहीं उतर सका गृह मंत्री अमित शाह का विमान, दौरा रद्द

बालाघाट। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एमपी के बालाघाट जिले का



दौरा रद्द हो गया. उनका विमान खराब मौसम की वजह से बालाघाट में नहीं उतर सका. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गृह मंत्री शाह का दौरा रद्द होने की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने के चलते गृह मंत्री शाह का दौरा रद्द हो गया. गृह मंत्री दुर्ग से चले थे. लेकिन, मौसम खराब होने के चलते उनको वापस रायपुर की तरफ जाना पड़ा. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हमारे बीच फिर कभी आएंगे. लेकिन, आज चुनाव का शंखनाद है. आज हम जनसभा करेंगे. मुख्यमंत्री चौहान, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा बालाघाट में वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा का शुभारंभ करेंगे.

इस मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नए भारत का निर्माण पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है. देश के साथ ही मध्य प्रदेश की जनता मोदी के साथ खड़ी है. कांग्रेस की सरकार में ऐसी सड़कें थीं, जिसमें गाड़ी हिचकोले खाती थी. उन्होंने इस दौरान बड़ा ऐलान भी किया. उन्होंने कहा कि अगले साल से गर्मी में धान की फसल भी सरकार खरीदेगी.

## मोदी सरकार ने 9 सालों में विकास की गंगा बहाई है - श्रीमती मुंडे

सिवनी यशोः- मोदी सरकार द्वारा बीते 9 सालों में किए गए कामों से देश की सोच में अंतर आया है। विकास की गति तेज हुई है कांग्रेस के समय में विकास की फाईले धूल फांकती थी परंतु अब विकास कार्यो की प्लानिंग के साथ जिस कार्यकाल में विकास के काम का भूमिपूजन होता है उसी कार्यकाल में विकास कार्य का लोकार्पण भी होता है । प्रधानमंत्री श्री मोदी के ' सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' जैसे मंत्रों के साथ काम कर रहे है आज सिवनी जिले का जिन विकास कार्य जो मेरी जानकारी में आये है उसकी लिस्ट बहुत लंबी है और इन्ही विकास कार्यो के कारण देश और दुनिया में मोदी जी का नाम हो रहा है भाजपा की सरकार के प्रति आमजनों का विश्वास बढ़ा है उक्ताशय की बात भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी श्रीमती पंकजा मुंडे ने विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सिवनी जिले के प्रवास के दौरान विकास तीर्थ कार्यक्रम के अवसर पर सिवनी रेल्वे स्टेशन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कही । इस अवसर पर उत्तरप्रदेश बुलंदशहर



के सांसद डॉ. भोला सिंह, बालाघाट सांसद डां. ढालसिंह बिसेन, प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद श्रीमती कविता पाटीदार प्रदेश मंत्री, आशीष दुबे, जाटव जी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

श्रीमती पंकजा मुंडे ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने अपने महज 9 वर्षो के कार्यकाल में संपूर्ण भारत में विकास की जो गंगा बहाई है जिसके चलते आज आमजनों को हर क्षेत्र में सुविधाएं मिल रही हैं। सिवनी की विकास गाथा इतनी लंबी है कि सिवनी से लेकर नागपुर तक यह लिस्ट पहुंच सकती है। सिवनी के उल्लेखनीय कार्यो को रेखांकित करते हुये उन्होंने कहा कि जिले में एशिया का सबसे बड़ा साउंड फ्रूफ फ्लाई ओवर बना है जिसे दिखने के लिये ही अनेक पर्याटक आते है और यह बहुत सुंदर भी दिखता है सिवनी जिले को यह गौरव भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही दिया है । सिवनी जिले का रेल्वे स्टेशन सुंदर और सुविधापूर्ण बनाने के लिये सांसद जी सराहनीय प्रयास किये है और 126 करोड़ रूपये से फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने की स्वीकृति भी प्राप्त हो गयी है । श्रीमती मुंडे ने बताया कि जिले में 34 ऐसे बड़े कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने किये है जो कांग्रेस की सरकारों में होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती । श्रीमती मुडे ने कहा कि सिवनी में आज हम जहाँ बैठे है वह रेल्वे स्टेशन की बिल्डिंग है जो पहले नेरोगेज हुआ करती थी इसे ब्राडगेज में परिवर्तित करने के लिये 1500 करोड़ रूपये मोदी सरकार ने खर्च किये है । हमने रेल्वे की घोषणाएँ अपने जीवन में पूरी होते हुये नहीं देखी थी यह सब मोदी सरकार में ही देखने को मिल रही है । श्रीमती मुंडे ने कहा कि मैंने जबलपुर से बालाघाट के सफर के दौरान रास्ते चल रहे अनगिनत निर्माण कार्य देखे जो बदलते भारत की एक सुनहरी तस्वीर को प्रस्तुत करते हैं, बदलते भारत को दिखाते हैं। इन्हें देख कर अटल जी की बातें साकार होती नजर आती हैं, कि देश में अच्छी सड़कों का जाल शरीर में धमनियों की तरह होता है। यदि शरीर में एक भी धमनी डेमेज हो जाए तो पूरे शरीर में तकलीफ बढ़ जाती है। उसी तरह यदि देश में गुणवत्ता वाली सड़कें बन जाएं तो देश का विकास तीव्र गति से होना तय है, जो होता हुआ नजर भी आ रहा है।

कार्यक्रम में सिवनी बालाघाट सांसद डॉं. ढालसिंह बिसेन ने बताया कि रेल्वे के गेज परिवर्तन के साथ ही 35 करोड़ का नया रेल्वे स्टेशन भी स्वीकृत हुआ है तथा ओवर ब्रिज की स्वीकृति भी प्राप्त हो गयी है सिवनी में पासपोर्ट आफिस भी मिला, एफ एम रेडियो भी मिला, ब्राडगेज के माध्यम से यह की व्यापारिक गतिविधयाँ बढ़ी और व्यवस्थित करने के प्रयास भी चल रहे है । जिले को जितने विकास का अवसर मोदी जी कार्यकाल में मिला वह कांग्रेस की सरकारों में कभी नहीं मिला है । डॉं बिसेन ने कहा कि हमें और बड़े शहरों से जुडने के लिये आश्वासन मिला है शीघ्र ही हमारी अपेक्षाएँ पूर्ण होगी । इस मौके पर, ज्ञानचंद सनोडिया, लालू राय, गजानंद पंचेश्वर, अजय डागोरिया, अशोक तेकाम, संजीव मिश्रा, अभिषेक दुबे,संतोष नगरपुरे पंकज बिसेन, दिलीप अग्रवाल,युवराज सिंह रहांगडाले , आशीष माना ठाकुर, गोलू, राजू यादव सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन 24 जून को

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा प्रदेश एवं जिले में व्याप्त निम्नलिखित समस्याओं को लेकर दिनांक 24 जून 2023 दिन शनिवार दोपहर 2 बजे नगरपालिका परिषद के सामने जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उज्जैन महाकाल लोक में भारी भरकम भ्रष्टाचार एवं घोटालो से निर्मित सप्तऋषियों की अनेक मूर्तियॉ हवा से गिरकर खंण्डित हो गयी। मध्यप्रदेश के सतपुड़ा भवन में लगभग 20 घंटे तक अग्निकांड से भवन में रखे महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज एवं करोड़ो रूपय की सम्पत्ति जलकर खाख हो गयी, मंत्रालय के समीप फायर स्टेंशन होने के बावजूत इतना भीषण अग्निकांड हुआ, इस अग्निकांड की न्यायिक और निष्पक्ष जांच की जाये। प्रदेश में बडे पैमाने पर बार-बार बिजली कटौती हो रही है जिससे किसान और आमजन बहुत परेशान है, बिजली कटौती बंद की जाये। प्रदेश में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार, घोटाले एवं बेतहाशा बढ़ती मंहगाई, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, मूलभूत आवश्यकताओं की वस्तुओं की कीमतो में बेतहाशा वृद्धि, सिवनी जिले में अवैध उत्खन्न बंद किया जाए, पुनः घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत सिवनी नगर की बेशकीमती जमीने औने-पौने दामों में बेची जा रही है उस पर रोक लगाई जाए

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, जिला युवा कांग्रेस, जिला कांग्रेस सेवादल, जिला भा.रा.छा.संगठन, सभी विभाग, प्रकोष्ठ, मंडलम, सेक्टर, बूथ कमेटी एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस जनों से धरना कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

## गोपालगंज में अनेक युवाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

सिवनी यशोः- कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर ईशा खान के प्रयासो से गोपालगंज क्षेत्र के अनेक युवको ने जिला कांग्रेस कार्यालय पंहुचकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजकुमार खुराना के हाथो कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। आने वाले चुनाव में गोपालगंज क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतो से विजयी बनाने के लिए संकल्प लिया। कांग्रेस सदस्यता ग्रहण करने वालो में सर्वश्री चन्दू विश्वकर्मा जोगीवाडा, शेख जाकिर गोपालगंज, कमाल अहमद



गोपालगंज, अली भाई गोपालगंज, फिरोज खान गोपालगंज, नितेश अवधिया गोपालगंज, संजू चन्द्रवंशी बम्हनी, बालकराम चन्द्रवंशी, राजेन्द्र यादव मोहगांव, उमेश चक्रवर्ती सिघोडी गोपालगंज, जगदीश पंचेश्वर सिघोडी गोपालगंज, आशीष चक्रवर्ती सिघोडी गोपालगंज, चंदरू उइके बघराज, राम भरोस मर्सकोले बघराज, राजा पाठक गोपालगंज, राजेश पाठक गोपालगंज, माजिद शाह गोपालगंज।

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष सेवकराम चन्द्रवंशी, मोहनसिंह चंदेल, घनश्याम सनोडिया, विष्णु करोसिया, सुधीर जैन, जितेन्द्र सनोडिया, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, सुमित मिश्रा, नितिन शुक्ला, टिकेन्द्र देशमुख उपस्थित रहें।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने जहरीली वस्तु का किया सेवन, उपचार के दौरान मौत,मोहगांव ग्राम की घटना

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के कुरई विकास खंड अंतर्गत मोहगांव ग्राम में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। जिसके कारण उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अंकित बिसेन नामक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीली वस्तु का सेवन किया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। और शव का पंचनामा बनाते हुए यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर युवक ने किन कारणों से जहर खाया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। वहीं परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

## जो सीखा उसे विद्यार्थियों में शेयर करे- कुमरे

### प्रयोगशाला के प्रशिक्षक मे 100 से अधिक शिक्षक शामिल




सिवनी यशोः- आपने जो सीखा है वह अपनी शालाओं के विद्यार्थियों के बीच मे शेयर करते हुये उन बच्चों को विज्ञान के प्रयोगों के महत्व से अवगत कराये, यह प्रशिक्षण सिर्फ इस बात के लिए भी है कि शिक्षक और विद्यार्थी आपस में तालमेल के साथ कुछ नया करे और शाला का नाम रोशन करें। उक्त उदगार शिक्षा विभाग के सहायक संचालक एसएस कुमरे ने समग्र शिक्षा के अन्तर्गत प्रयोगशाला के संचालन को लेकर आयोजित प्रयोग शाला की जानकारी के समापन अवसर पर व्यक्त किये।

इस अवसर पर विभाग के एडीपीसी महेन्द्र सैयाम ने कहा कि यह प्रशिक्षण विशेष कर विज्ञान शिक्षको का था जिसमे प्रयोग के दौरान आने नाली कठिनाईयो को दूर करने का प्रयास मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया। जिन्होंने ने भी यहाँ जो सीखा है उसे अधिक से अधिक छात्र-छात्राओ को जानकारी दें। एपीसीसी विपनेश जैन ने इसके महत्व पर प्रकाश डाला उत्कृष्ट प्राचार्य एस. सी. सिंह ने बताया कि यहाँ पर जो भी आये और जो सीखा उसे आप अपने शिक्षको को भी जानकारी दे।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक-साक्षी बोरकर, धनश्याम, शारदा बोपचे संगीता ठाकरे, खेमचन्द्र, कीर्ति डहेरिया सहित अनेक लोगों ने अपने विचार रखे। आयोजन मे श्री कटरे ओ.पी. अग्रवाल तनुजा अग्रवाल, अनिल राजपूत, पी पी पाण्डे सहित अनेक लोगो का सहयोग रहा। आयोजन में मीडिया कर्मी एवं अनेक शिक्षको ने भोजन एवं प्रशिक्षण की सराहना की। कार्यक्रम में तीन ब्लाकों के शिक्षक भी शामिल हुये।

## सिवनी पहुंची गौरव यात्रा, आज प्रातः मण्डला के लिए रवाना होगी

**वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उनकी वीरता और बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुंचाने 22 जून को प्रदेश के 5 अलग अलग स्थानों से निकली गौरव यात्रा**

सिवनी यशोः-24 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया जाता है। रानी दुर्गावती की वीरता और बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 22 जून को बालाघाट से रानी दुर्गावती बलिदान दिवस गौरव यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा रानी दुर्गावती के जीवन से जुड़े सभी प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगी। गौरव यात्रा का समापन 27 जून 2023 को शहडोल में होगा। समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी शामिल होंगे।

22 जून को प्रदेश के 5 अलग-अलग स्थान बालाघाट, छिंदवाड़ा, सिंगरामपुर (दमोह), कलिंजर और धौहनी (सीधी) से वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा प्रारंभ होंगी, जो अपने-अपने निर्धारित रूट से होती हुई 26 जून को शहडोल पहुंचेगी। गौरव यात्रा के रूट क्रमांक-2 के अनुसार 22 जून 2023 को प्रातः 10 छिंदवाड़ा जिले से गौरव यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो निर्धारित रूट मार्ग से सिवनी जिले की प्रवेश सीमा स्थित ग्राम कोहका पीपरडाही पहुंची जहां जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गौरव यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मेघा शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

गौरव यात्रा ग्राम बींझावाड़ा छात्रावास भवन पहुंच रात्रि विश्राम करेगी एवं 23 जून को प्रातः 8 बजे ग्राम बींझावाड़ा से, बिठली, इंदावाड़ी, भोमा, कटिया, कामता, कान्हीवाडा, छुई, मानेगांव, डूंडासिवनी, खैरा, चिरचिरा, कुडारी, सुकवाहा, रावठान, धनौरा खुर्द, पिपरिया भसूडा, साजपानी, धनौरा, पिपरिया नाई, खमरिया, कहानी, दारोट कला, मेहता, बालपुर, छीतापार, घंसौर, केवलारी, पहाड़ी, कुडोपार, मोहगांव, मानेगांव, पिपरिया, भिलाई, सालीवाडा, कटिया से ग्राम रजरवाड़ा होती हुई मंडला पहुंचेगी एवं रात्रि विश्राम करेगी। 24 जून को मंडला निवास से यात्रा प्रारंभ होकर शहपुरा पहुंच रात्रि विश्राम करेगी। 25 जून को यात्रा उमरिया से पाली (मानपुर) पहुंच रात्रि विश्राम कर 26 जून को शहडोल पहुंचेगी तथा 27 जून को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में शहडोल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में रानी दुर्गावती को श्रध्दांजलि अर्पित यात्रा का समापन होगा।

## परिषद क्षेत्र के वार्डों में नालियों की साफ.सफाई नहीं किए जाने से हो रही वार्ड वासियों को परेशानी

**मानसून पूर्व नगर परिषद की तैयारी अधूरी. मच्छर मक्खियों से जनित रोगों का बढ़ रहा खतरा**

छपारा यशोः- आगामी मानसून को लेकर नगर परिषद की कोई भी तैयारी नही है इसी लापरवाही की वजह से बारिश के दिनों में जलप्लावन की स्थिति पैदा होती हैं।

ज्ञात हो कि नगर के महावीर वार्ड, डुंगरिया वार्ड, महाराणा प्रताप वार्ड, हनुमान कालोनी, हाईवे कॉलोनी सहित सजंय कालोनी वार्ड जहां पर पिछले कई महीनों से नालियों की साफ.सफाई नगर परिषद के द्वारा कराए जाने से कचरा, कीचड़ और



गंदे पानी से भरी पड़ी हैं लंबे समय तक पानी एक जगह इकट्ठा हो जाने से वार्डो की नालियां में मच्छर मक्खियों की भरमार हो रही है जिसे लेकर नगर वासियों की ओर से वार्डो में नालियों की साफ.सफाई कराए जाने की अपील की गई है। वही वार्ड नंबर 6 महावीर वार्ड निवासी बाबू चौरसिया के द्वारा उनके मकान के सामने नगर परिषद के द्वारा कच्ची गहरी नाली को खोदा गया परन्तु दो माह बीतने के बावजूद साफ सफाई नाली की नहीं होने से घर से निकलने वाला पानी जमा हो रहा है वहीं डाक्टर कालोनी के अन्य लोगों के द्वारा पुलिया को पत्थर और मिट्टी डालकर जाम कर दिया गया है जिसे लेकर बाबू चौरसिया के द्वारा पिछले 2 महीनों से नगर परिषद के कार्यालयों का चक्कर लगाया जा रहा है परंतु परिषद के द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नगर परिषद के द्वारा बारिश के मौसम के पूर्व नाली साफ सफाई कार्य नहीं किए जाने से नगर की सभी वार्डो की नालियां के यही हाल है जहां चौक नालियां बदबूएकीचड़ और गंदे पानी से सनी हुई पड़ी है। नगर वासियों द्वारा मांग की गई हैं कि समय रहते यह कार्य किया जाए जिससे लोगो को बारिश के दिनों में जलप्लावन से छुटकारा मिल पाए

**इनका कहना है**

जल्द ही सम्पूर्ण नगर में नालियों की सफाई बारिश के पूर्व की जायेगी।

**श्याम गोपाल भारती**
**सीएमओ छपारा**

### जबरन नॉलेज




## जिलास्तरीय रोजगार मेला 23 जून को स्मृति लॉन सिवनी में

सिवनी यशोः- जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार 23 जून 23 को स्थानीय स्मृति लॉन बाहुबली चौक सिवनी में जिला स्तरीय रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही कर जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे।

18 से 35 वर्ष आयु सीमा के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची एवं दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित होकर लाभ ले सकते हैं। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# MP में नई शिक्षा नीति लागू करने की तैयारी, शिक्षा विभाग ने तैयार किया प्रस्ताव




भोपाल । मध्यप्रदेश में नई शिक्षा नीति को लागू करने की तैयारी पूरी हो गई है। शिक्षा विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अब 6 साल से कम उम्र के बच्चों को कक्षा पहली में एडमिशन नहीं मिलेगा।

**पहली में प्रवेश की न्यूनतम उम्र 6 साल**

नई शिक्षा नीति लागू होने से भोपाल के करीब 1500 सीबीएससी स्कूलों के लगभग 9 हजार बच्चों को पहली कक्षा में एडमिशन नहीं मिल पाएगा। क्योंकि इनकी उम्र 6 वर्ष से कम हैं। नई शिक्षा नीति के तहत अब पहली कक्षा में प्रवेश की न्यूनतम उम्र 6 साल तय की गई है।

अब यूकेजी में पढ़ रहे बच्चों को दुबारा फिर से पिछली ही क्लास में पढ़ना होगा। यह बदलाब इसलिए भी किया जा रहा क्योंकि अब तक 5 साल की उम्र में स्कूल में प्राइमरी शुरू होने के कारण 17 साल की उम्र में बच्चे कक्षा 12वीं की पढ़ाई पूरी कर लेते हैं।

जबकि कानूनी तौर बालिग होने की आयु 18 साल निर्धारित है इसलिए यह तय किया गया है कि जब कॉलेज की पढ़ाई पूरी हो तो उनकी उम्र 18 साल होनी चाहिए।

**पहले क्या थे शिक्षा के प्रावधान**

पहले शिक्षा के अधिकार के तहत केवल 6 से 14 साल के बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा महत्वपूर्ण थी। लेकिन अब यह 3 से 18 साल के बच्चों के लिए मान्य होगी।पहले की शिक्षा की नीति में हमें स्नातक एक ही कॉलेज से करना होता था , लेकिन अब नई शिक्षा नीति के तहत हम ग्रेजुऐशन के दौरान अपना कॉलेज भी बदल भी सकते हैं।नई शिक्षा नीति में ऑनलाईन पढ़ाई की सुविधा प्रदान होगी जबकि पहले यह सुविधा पुरानी शिक्षा नीति में शामिल नहीं थी।

# सदैव शांति और अतीव आनंद की अवस्था योग- विज्ञान से सुलभ

भोपाल( विसंके )पिछले वर्ष पूर्व जाने-माने मानस अनुसंधानकर्ता टिम वाइटफील्ड की एक रिपोर्ट मीडिया की सुर्खियाँ बनी थी. उनका कहना है कि योजना बनाना और अलग-अलग प्रकार के टास्क के बीच काम करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने की योग्यता का नाम है 'एग्ज़ीक्यूटिव फंक्शन'.

ऐसा माना जाता है कि उम्र के साथ ये क्षमता कम होती जाती है, लेकिन अध्ययन ये बताते है कि योग-ध्यान आदि मानस उत्थान की क्रियाओं के बल पर इस क्षमता को बहुत हद तक क्षीण होने से रोका जा सकता है.

निरंतर होने वाले ऐसे अनुसंधान से निश्चित रूप से योग पर भरोसा बढ़ता है. लेकिन साथ ही ये भी सत्य है कि दुनिया के लिए भले ही ये अभिनव बात हो, पर भारत के लिये ये मात्र नए प्रकार से पुनर्स्मरण से अधिक नहीं. जिन्होंने योग का अध्ययन किया है, उसको स्वयं अनुभूत किया है उन्होंने अपनी-अपनी तरह से उसकी पहले से ही व्याख्या कर रखी है.



बिहार स्कूल ऑफ़ योग, मुंगेर, के श्री निरंजनानंद सरस्वती कहते हैं -' योग से आरोग्य और प्रतिभा का विकास दोनों ही संभव है'. वहीं दूसरी और जिनके मन में योग के अध्यात्मिक पक्ष को लेकर जो कुछ शंकायें हैं , उन शंकाओं को निर्मूल करते हुए ईशा योग के सद्गुरु जग्गी वासुदेव कहतें हैं-' योगी सुख-भोग के विरुद्ध नहीं होते.

वस्तुतः बात केवल ये है कि वे अल्प-सुख की स्थिति पर ही संतोष कर लेना नहीं चाहते. सदैव शांत बने रहना, अतीव आनंद की अवस्था में स्थिर रहना हर मनुष्य के लिए उपलब्ध है . योग का विज्ञान आपको ये अवसर प्रदान करता है'. यही कारण है कि भारतीय मूल चेतना के धर्मों में योग का इतना महत्व देखने को मिलता है.

हिन्दू धर्म में पतंजलि का नाम एक ऐसे योगी के रूप में अंकित है जिन्होंने योग को सूत्रबद्ध किया.

अष्टांग योग को प्रतिपादित करते हुए वे कहते हैं कि ये 'चित्तवृति निरोध'; 'कर्म में कुशलता'; 'जीवन में समत्व'; और 'मन के प्रशमन' का सर्वोत्तम उपाय है.

वहीं जैन धर्म में ऋषभदेव को प्रथम योगी के रूप में पूजा जाता है.

24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी तक जितने भी तीर्थंकर हुए हैं उनकी प्रतिमाएं या तो 'पद्मासन' में या 'खडगासन' में पायी जाती हैं. नासिका के अग्र-भाग पर दृष्टि केन्द्रित करने वाली ध्यान विधि 'नासाग्र दृष्टि' जैन धर्म में योग मुद्रा की एक प्रमुख विशेषता है.

वैसे ही 'कायोत्सर्ग' योग (काया या शरीर का स्वेच्छा से उत्सर्ग या समाप्त कर देना) इसके धार्मिक आचार की प्रमुख विधा है.

इसके एक आचार्य जिनका नाम शुभचंद्र है, उन्होंने 'ज्ञानार्नव' नामक ग्रन्थ में आसन-प्रणायाम तथा ध्यान की सभी विधियों की सूक्ष्म विवेचना की है. वहीं 'प्रेक्षाध्यान' नामक जीवन विज्ञान पर आधारित एक अनूठी ध्यान पद्धति के प्रतिपादक भी जैन मुनि आचार्य महाप्रज्ञ हैं. फिर जहां '? नमः सिधेभ्यः' जैन धर्म का बीज मंत्र है, तो '1?' (एक ओंकार) सिख धर्म का. गुरु नानक देव ने 'हठयोग' के स्थान पर 'सहज योग' पर बल दिया.

गुरु ग्रन्थ साहिब में 'इड़ा', 'पिंगला' तथा 'सुष्मना' जैसे योग में प्रयुक्त होने वाले शब्दों का उल्लेख मिलता है. शिवयोग कहता है कि जब सांस अंदर जाती है तब सेकंड के हजारवें हिस्से के लिए रूकती है, बाहर से अंदर आने के पहले फिर एक बार रूकती है.

ये जो रुकने का अंतराल है, उसके प्रति सजग हो जाओ तो धीरे-धीरे अपने अस्तित्व तक पहुँच जाओगे. महात्मा बुद्ध ने इस विधि का प्रयोग किया. बोद्ध-दर्शन में यह विधि 'विपश्यना' नाम से प्रचलित है.

वैसे जो बात सैकड़ों वर्षों पूर्व हमारे धर्मों में बता दी गई थी, उसी बात की पुष्टि अब आधुनिक एलोपेथिक चिकित्सा विज्ञान ने भी शुरू कर दी है- 'योग शरीर के ऑटोनोमिक नर्वस सिस्टम[तंत्रिका तंत्र] को सशक्त करता है. इस कारण योग से डिप्रेशन, तनाव, एंग्जायटी (लगातार चिंता करना) पैनिक अटैक (अत्यधिक घबराहट) जैसे मनोरोगों को दूर करने में मदद मिलती है.

असल में मानव शरीर में दो तरह की क्रियाएँ होती हैं- पहली ऐच्छिक; दूसरी अनैच्छिक. इच्छा से खाना-पीना, नहाना आदि शामिल है. वहीं कुछ क्रियाएँ ऐसी होती हैं जिन पर हमारा नियंत्रण नहीं होता, जैसे दिल की धड़कन, सांस लेना,बैचेनी आदि.

डिप्रेशन आदि मनोरोगों में व्यक्ति के दिल की धड़कन, सांस लेने की प्रक्रिया असामान्य हो जाती है. योग इन अनैच्छिक क्रियाओं को नियंत्रित करने में सहायक होता है'- डॉ उन्नति कुमार, मनोरोग विशेषज्ञ.

# आदिवासी परंपरा से होगा PM मोदी का स्वागत, जमीन पर बैठ खाएंगे देसी कोदो भात और कुटकी खीर

**नरेंद्र मोदी 27 जून को मध्य प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं. इस दौरान उनका आदिवासी परंपरा के साथ स्वागत किया जाएगा. साथ ही वह देसी स्टाइल में जमीन पर बैठकर कोदो भात और कुटकी खीर खाएंगे.**

शहडोल। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले 27 जून को होने वाला क्रू नरेंद्र मोदी का शहडोल दौरा काफी अहम माना जा रहा है. इसके अलावा ऐसा पहली बार होने वाला है, जब देश का कोई प्रधानमंत्री देसी अंदाज में जनजातीय समुदाय के साथ जमीन पर बैठकर भोजन ग्रहण करेगा. क्रूमोदी अपने दौरे के दौरान आदिवासियों का पारंपरिक भोजन कोदो भात और कुटकी की खीर खाएंगे. उनके आगमन को लेकर जिले में तैयारियां जोरों पर हैं.

**दुल्हन की तरह सजाया जा रहा गांव**

PM नरेंद्र मोदी वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शहडोल आ रहे हैं. उस दिन लालपुर मैदान से जनसभा को संबोधित करेंगे. साथ ही 17 राज्यों के लिए सिकलसेल एनीमिया मिशन का शुभारंभ भी करेंगे. साथ ही कई योजना के हितग्राहियों को लाभ का वितरण करेंगे. उनके कार्यक्रम को देखते हुए पूरे गांव को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है. साथ ही पूरी व्यवस्था भारतीय परंपरा के अनुसार तैयार की जा रही है. इससे पहले साल 2018 में भी क्रूमोदी लालपुर मैदान पर जनसभा को संबोधित करने आए थे.

**पहली बार जमीन पर बैठकर ग्रहण करेंगे भोजन**

ऐसा पहली बार होने वाला है, जब कोई प्रधानमंत्री देशी अंदाज में जनजातीय समुदाय के साथ जमीन पर बैठकर भोजन ग्रहण करेगा. वो यहां मुख्यरूप से कोदो भात और कुटकी की खीर खाएंगे. प्रदेश सरकार इस पूरी व्यवस्था को भारतीय परंपरा के अनुसार तैयार करवा रही है. शहडोल के पकरिया पंचायत के जल्दी टोला में क्रू नरेंद्र मोदी के लिए जो भोज तैयार किया जा रहा है उसका भी अंदाज ठेठ देहाती होगा. प्रदेश सरकार द्वारा तैयार किए गए भोज मेन्यू को पकाने से लेकर परोसने तक के लिए प्राचीन भारत वाले गांव की सभ्यता को ध्यान में रखा गया है. क्रूके भोज में मोटा अनाज को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है.

**देखें PM मोदी का फूड मेन्यू**

राज्य सरकार की ओर से क्रूमोदी के तैयार फूड मेन्यू में पेय पदार्थ के लिए रोजलेट्ठा (अमरु) का शरबत, बेल शरबत और आम के पन्ना को शामिल किया गया है. इसके अलावा कोदो भात, कुटकी खीर, ज्वार मक्के की रोटी, इंद्रहर की कढ़ी, कमल ककड़ी की सब्जी, हल्दी का अचार और महुआ के व्यंजन में खीर या लड्डू को शामिल किया गया है. लकड़ी के चूल्हे में बनने वाले इस पकवान की जांच क्रू के सुरक्षा मानकों के अनुरूप की जाएगी. क्रू से सहमति मिलने के बाद ही इसे भोजन के लिए परोसा जाएगा.

**PM मोदी का अहम दौरा**

बता दें कि क्रू मोदी का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है. इससे पहले साल 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी नवंबर में क्रू मोदी ने लालपुर मैदान पर जनसभा को संबोधित किया था. क्रूमोदी के इस दौरे का विंध्य में अच्छा खासा प्रभाव पड़ा था. विंध्य का शहडोल संभाग आदिवासी बाहुल्य इलाका है. संभाग की 8 विधानसभा सीटों में सिर्फ 1 सीट (कोतमा) सामान्य है बाकी सभी 7 सीटें रिजर्व हैं. इसको ध्यान में रखते हुए 27 जून को क्रू मोदी का जो दौरा कार्यक्रम बनाया गया है, उसमें जनजातीय समुदाय को खास तवज्जो दी गई है.

# मांगलिक आयोजन में फिजूलखर्ची रोकने के लिए जन जागरण अभियान चलाएगी पंचायत, बोर्ड का गठन जल्द

**सामाजिक कार्य के लिए समय देने वालों को फैसला बोर्ड में शामिल किया जाएगा।**

हिरदाराम नगर। पूज्य सिंधी पंचायत ने सामाजिक बुराइयां दूर करने के लिए फैसला बोर्ड के माध्यम से जन जागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जल्द ही नए फैसला बोर्ड का गठन किया जाएगा। इसमें उन्हीं सदस्यों को शामिल किया जाएगा जो सामाजिक काम के लिए समय देने का वचन देंगे।

पदाधिकारियों की पहली ही बैठक में शक्तिशाली फैसला बोर्ड बनाने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। कार्यकारिणी के साथ ही फैसला बोर्ड का गठन किया करने पर सहमति बनी थी लेकिन अभी तक न तो फैसला बोर्ड बना है न कार्यसमिति का गठन हो सका है। पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी का कहना है किफैसला बोर्ड के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बोर्ड संयोजक के लिए दो नाम हैं। इनमें से किसी एक नाम पर सहमति बनाने का प्रयास होगा। बोर्ड का गठन होते ही जन जागरण अभियान प्रारंभ किया जाएगा।

**फिजूलखर्ची रोकने के प्रयास होंगे**

अभी तक पंचायत मृत्यु भोज समाप्त करने का प्रयास करती रही है। पंचायत के पदाधिकारियों ने भी तेरहवीं में जाना बंद कर दिया है। पंचायत के पदाधिकारी अब नए फैसला बोर्ड के माध्यम से मांगलिक अवसरों पर फिजूलखर्ची रोकने, विवाह से पहले काकटेल पार्टी नहीं करने एवं बारात सादगी से निकालने के लिए जन जागरण करेंगे। पंचायत के महासचिव माधु चांदवानी कहते हैं किफैसला बोर्ड में इस बार बोर्ड में युवाओं को भी शामिल किया जाएगा ताकिसामाजिक बुराइयों को दूर करने में सभी वर्गो की मदद मिल सके। यह निर्णय सभी से विचार विमर्श करने के बाद लिया जाएगा। जल्द ही बोर्ड की घोषणा कर दी जाएगी।

**याद आए मामा गोबिंदराम**

फैसला बोर्ड का नाम आते ही स्व. मामा गोबिंदराम केवलानी की नाम चर्चा में आ जाता है। स्व केवलानी लंबे समय तक बोर्ड के संयोजक रहे। पारिवारिक विवादों को सुलझाने में उनकी खास भूमिका रही। जीवन के अंतिम समय तक उन्होंने पंचायत को अपनी सेवाएं दीं।

# मध्य प्रदेश में 12 लाख और बढ़ेंगी लाड़ली बहना, आयु सीमा 23 से घटाकर 21 वर्ष होगी

भोपाल । महिला सशक्तीकरण के लिए शिवराज सरकार द्वारा लागू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना को विस्तार दिया जाएगा। इसमें आयु सीमा अब 23 वर्ष के स्थान पर 21 वर्ष होगी। इससे लगभग 12 लाख लाड़ली बहना और बढ़ जाएंगी। इसके साथ ही ऐसे परिवार भी योजना के दायरे में आएंगे, जिनके पास ट्रेक्टर है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग योजना के नियम में संशोधन का प्रस्ताव कैबिनेट में प्रस्तुत करेगा।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पात्रता आयु 23 से 60 वर्ष निर्धारित की गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विभिन्न माध्यमों से आयु सीमा 21 वर्ष करने के सुझाव मिले थे।

इस आधार पर उन्होंने आयु सीमा 23 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष करने और जिस परिवार में ट्रेक्टर हो, उसे भी पात्र मानने की घोषणा की थी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप योजना के नियम में संशोधन किया जाएगा।

इसके लिए जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। प्रदेश में अभी एक करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहना हैं।इनके खातों में एक-एक हजार रुपये अंतरित भी किए जा चुके हैं।

मैं भैया शिवराज बोल रहा हूं, बहन क्या समस्या है

मुख्यमंत्री ने बुधवार को भिंड जिले के गोहद की विमला जाटव को लेकर फोन लगाकर पूछा कि बहन क्या समस्या है? मैं भैया शिवराज बोल रहा हूं। उन्होंने बताया कि लाड़ली बहना योजना के पैसे खाते में नहीं आए हैं। अधिकारियों से जब जांच कराई तो पता चला कि उनका एक अन्य खाता है, जिसमें पैसे पहुंच गए हैं।

# 21000 का इनामी बंदर पिंजरे में कैद, स्पेशल टीम ने ड्रोन से की सर्चिंग, ट्रैंकुलाइज करके पकड़ा

राजगढ़ । राजगढ़ में 21 हजार रुपए के इनामी बंदर को आखिरकार पिंजरे में कैद कर लिया गया। बीते 16 दिन में उसने 20 से ज्यादा लोगों को अपना शिकार बनाया। इनमें से 8 बच्चे हैं। वह ऊंचाई से अचानक नीचे आकर लोगों पर हमला करता और मांस नोंचकर ले जाता था। इस दौरान एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया, जिसमें बंदर एक बुजुर्ग पर हमला करते हुए दिख रहा है।

वन विभाग की टीम और नगर निगम का अमला उसे पकड़ने में जुटे थे। बुधवार शाम को उज्जैन से आई स्पेशल टीम ने ड्रोन की मदद से उसे खोज निकाला। टीम ने बंदर को ट्रैंकुलाइज किया और जाल से पकड़कर पिंजरे में कैद कर लिया।

**सुबह ही दो लोगों को काटा, फूटा लोगों का गुस्सा**

इनामी बंदर ने बुधवार सुबह दो लोगों पर हमला कर उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया। किला परिसर के पास रहने वाले वकील ओम प्रकाश शर्मा (60) पारायण चौक पर किसी काम से गए थे। इसी दौरान छत के रास्ते पीछे से आए बंदर ने अचानक उनका पैर पकड़ लिया और मांस नोंचकर भाग गया।

इस घटना के कुछ देर बाद ही बंदर ने तिलक मार्ग निवासी अक्षरा सौंधिया (14) पर हमला कर दिया। बंदर के लगातार हमलों से नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा। कई लोग उसे पकड़ने के लिए अधिकारियों को कॉल करते रहे, कुछ ने बंदूक और लाठी थाम लिए। वे हथियार लेकर बंदर को खोजने में जुट गए।

**कलेक्टर ने उज्जैन से बुलाई स्पेशल टीम**

कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने वन विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। इसमें बंदर को पकड़ने के लिए उज्जैन से स्पेशल टीम बुलाने का फैसला लिया गया। टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से बंदर की लोकेशन पता की और फिर उसे पकड़ लिया।

**राजगढ़ वन विभाग की निगरानी में रखा**

राजगढ़ के रेंजर गौरव गुप्ता ने बताया कि उज्जैन से आई स्पेशल टीम में 5 लोग शामिल थे। ड्रोन की मदद से सर्चिंग की तो बंदर संस्कृति होटल के पास नजर आया। वह लगातार लोकेशन बदल रहा था। इसी दौरान वह स्वामी विवेकानंद स्कूल के पास पहुंचा। यहां पहले से मुस्तैद स्पेशल टीम ने गन शॉट मारा। बंदर बेहोश हो गया। फिलहाल, उसे राजगढ़ वन विभाग की निगरानी में रखा गया है। देवास के जंगल में छोड़ा जाएगा बंदर स्पेशल टीम अगले दो दिन राजगढ़ में ही रहेगी। टीम के सदस्य यह पता लगाएंगे कि कोई और बंदर तो इस प्रकार से हमला नहीं कर रहा है। पकड़े गए इनामी बंदर को लेकर टीम देवास रवाना होगी, जहां इसे जंगल में छोड़ा जाएगा।

## भोपाल में प्रतिबंध के बाद भी संचालित हो रहे थे हुक्का बार

**छापाकार कार्रवाई करते हुए आबकारी ने दर्ज किया प्रकरण।**

भोपाल । जिले में हुक्का बार पर प्रतिबंध होने के बाद भी संचालकों द्वारा इन्हें संचालित किया जा रहा है। इसका खुलासा जिला प्रशासन और आबकारी की टीम द्वारा निरीक्षण करने पर हुआ है। इससे संचालित हो रहे हुक्का बार के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर आशीष सिंह ने पिछले दिनों नशा मुक्ति अभियान के तहत ई हुक्का, निकोटिन हुक्का को प्रतिबंधित कर दिया था। साथ ही निर्देश दिए थे कि यदि किसी के द्वारा इनका संचालन किया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही धारा 144 भी लगाई गई थी। इसी के तहत एसडीएम, आबकारी अधिकारी, थाना प्रभारी, खाद्य एवं औषधी प्रशासन की टीम ने बुधवार को संयुक्त रूप से हुक्का बारों पर कार्रवाई की है।

# टीकमगढ़ और निवाड़ी में भारी बारिश से नाले उफनाए-पूर्व मंत्री के बंगले में घुसा पानी, बाइक बही; टीकमगढ़-झांसी हाईवे डूबा

भोपाल। टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। रातभर से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण छोटी नदियां और नाले उफना गए। जेवरा गांव में नाला उफनाने से टीकमगढ़-झांसी हाईवे डूब गया। पृथ्वीपुर (निवाड़ी) में पूर्व मंत्री स्वर्गीय बृजेंद्र सिंह राठौर के बंगले में पानी घुस गया। निवाड़ी और झांसी बॉर्डर के उरदौरा गांव में कई घरों में बारिश का पानी भर गया।

निवाड़ी के थौना गांव में दो से तीन मकानों के गिरने की खबर है। कई घरों में पानी भर गया। आज 5वीं और 8वीं क्लास में फेल हो गए बच्चों का दोबारा एग्जाम था। कई बच्चे एग्जाम सेंटर तक नहीं पहुंच पाए। गुरुवार सुबह नाला पार करते समय बाइक बह गई। चालक सुरक्षित है। टहरौली का रहने वाला पवन कुशवाहा कुंवरपुरा गांव से टहरौली लौट रहा था। कुंवरपुर-टहरौली रोड पर नाला उफान पर है। लोगों के मना करने के बाद भी उसने अपनी बाइक तेज बहाव में उतार दी थी।



भोपाल में भी गुरुवार सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई है। इंदौर में भी बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में दतिया में 2 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। मानसून आने में अभी तीन दिन है, लेकिन प्री मानसून एक्टिविटी बारिश करा रही है। 'बिपरजॉय' तूफान की एक्टिविटी के बीच मध्यप्रदेश में मानसून की एंट्री पूर्वी हिस्से से पहले होगी।



**25 जून तक MP में आ सकता है मानसून**

मौसम केंद्र, भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक एचएस पांडे की मानें तो मानसून जबलपुर, शहडोल, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, बैतूल, सिवनी, मंडला, छिंदवाड़ा, डिंडोरी, बालाघाट, नरसिंहपुर और अनूपपुर में पहले आ सकता है। 3 दिन के भीतर यानी 25 जून या इससे पहले मानसून दस्तक दे सकता है। इसके बाद अरब सागर की ओर से आ रहे मानसून की एक्टिविटी शुरू होगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि पूर्वी क्षेत्र की ओर से मानसून तेजी से बढ़ रहा है। 2 से 3 दिन में यह मध्यप्रदेश में एंटर हो सकता है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत प्रदेशभर में अगले 72 घंटे में मानसून पहुंच जाएगा।

**राजस्थान से सटे जिलों में तेज बारिश का अनुमान**

गुजरात और राजस्थान में भारी तबाही मचाने वाले 'बिपरजॉय' तूफान की वजह से गुरुवार को प्रदेश के कई शहरों में तेज और हल्की बारिश होने का अनुमान है। राजस्थान से सटे जिलों में तेज बारिश हो सकती है। अगले 3 दिन में कई जिलों में तेज बारिश होने की संभावना जताई गई है। यहां 40 से 60च्यद्ब प्रतिघंटा तक की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

**24 घंटे में दतिया में 2.40 इंच बारिश**

पिछले 24 घंटे में दतिया में 2.40 इंच पानी गिरा है। दमोह में 1, मंडला में 0.44, सतना में 0.43, नौगांव में 0.31, रायसेन में 0.28, खजुराहो में 0.21, ग्वालियर में 0.14, सिवनी 0.06, उज्जैन में 0.02, गुना में 0.007 इंच बारिश हुई है।

**अगले 2 दिन इन जिलों में तेज बारिश का अलर्ट**

23 जून को नर्मदापुरम, बैतूल, देवास, शाजापुर और आगर-मालवा। 24 जून को उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, गुना और अशोकनगर।

**भोपाल में बारिश**

राजधानी भोपाल में अगले चार से पांच दिन तक लगातार बारिश का सिस्टम बन रहा है। मौसम विभाग की माने तो 23 जून को बादल छाए रहेंगे, जबकि 23 और 25 जून को तेज बारिश होने का अनुमान है। इससे पहले बुधवार को शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। बादल भी छाए रहे।

**सतना, दमोह, रायसेन, सिवनी समेत 9 जिलों में बारिश, पारा लुढ़का**

इससे पहले बुधवार को प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला सा रहा। शाम तक सतना में करीब आधा इंच बारिश हुई। वहीं, दमोह, रायसेन, सिवनी, आगर, शाजापुर, नर्मदापुरम और सागर में भी बारिश का दौर चला। भोपाल में शाम को कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। वहीं बादल भी छाए रहे।

इधर, बारिश और बादल छाने की वजह से माहौल में ठंडक घुल गई। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में तापमान 40 डिग्री से कम ही रहा। सीधी में तापमान सबसे ज्यादा 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, शिवपुरी सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 28.2 डिग्री रहा।

## आरोपी पर बच्ची के जबरन गर्भपात कराने के भी लग रहे आरोप

सिवनी यशोः- मुख्यालय के कोतवाली अंतर्गत नाबालिग के साथ दुराचार कर उसे गर्भवती बनाने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है ।

जानकारी के अनुसार कस्तूरबा वार्ड निवासी नाबालिग को पेट में दर्द हो रहा था एवं उल्टियां हो रही थी जिससे परिवार के लोग परेशान रहते थे। इलाज के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि बच्ची प्रेग्नेंट है , पीड़िता का आरोप है कि उत्तर प्रदेश निवासी रामवीर साक्या पिता रामस्वरुप साक्या उम्र 36 वर्ष जो कि वर्तमान में कस्तुरबा वार्ड सिवनी में निवास करता है उसके द्वारा दिनांक 31/01/2023 से 12/04/2023 के बीच उक्त नाबालिक बच्ची को बहलाफुसलाकर अपने घर लेजाकर कई बार जबरन शारिरीक संबंध बनाया, जिसके परिणामस्वरूप यह गर्भवती हो गई उसके बाद गर्भपात की गोली खिलाकर इसका गर्भपात भी करवाया गया है। उक्त मामले में पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। सिवनी पुलिस द्वारा अपनी एफ आई आर में उल्लेख किया गया है कि

दिनांक 20/06/2023 को 12वर्षिय प्रार्थिया निवासी सिवनी द्वारा अपनी मां के साथ महिला थाना आकर एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया इसके साथ रामवीर साक्या पिता रामस्वरुप साक्या उम्र 36 साल निवासी मथुरा उत्तरप्रदेश वर्तमान निवासी कस्तुरबा वार्ड सिवनी ने दिनांक 31/01/2023 से 12/04/2023 के बीच इसे बहलाफुसलाकर अपने घर लेजाकर कई बार जबरन शारिरीक संबंध बनाया, जिसके परिणामस्वरूप यह गर्भवती हो गई उसके बाद गर्भपात की गोली खिलाकर इसका गर्भपात करवाया है जो पीडिता के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के विचरण के आधार पर प्रथम दृष्टया आरोपी रामवीर साक्या पिता रामस्वरूप साक्या उम्र 36 साल निवासी मथुरा उत्तरप्रदेश वर्तमान निवासी कस्तुरबा वार्ड सिवनी द्वारा धारा 376,376 (2)(ठ्ठ), 376(3),313 भादवि 5(1).5(द्ध) (द्बद्ध), 6 पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

## साजपानी में किया अवैध कब्जा, तहसीलदार, थाना प्रभारी व जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंच



सिवनी यशोः- सिवनी जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड धनौरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत साजपानी में कुछ लोगों ने शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करते हुए कब्जा कर लिया था। इसकी शिकायत मिलने के बाद धनोरा तहसीलदार एवं थाना प्रभारी अमले के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाइश देते हुए अतिक्रमण हटाने की बात कही। पटवारी, सचिव ने पंचनामा तैयार किया। कब्जा हटाने का नोटिस दिया। उन्होंने कहा कि यदि कब्जा नहीं हटाया जाता तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कुछ सरकारी मकान जर्जर अवस्था में हैं, इन पर भी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया था। लंबे समय से सामग्री रखते हुए कब्जा दर्शाया जा रहा था। अधिकारियों ने उन्हें हिदायत दी कि शीघ्र शासकीय जगह से अपना कब्जा हटा लें। अन्यथा मामला पंजीबद्ध करते हुए कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर तहसीलदार हरीश लालवानी, थाना प्रभारी ईश्वरी पटले, सचिव शमशेर खान, सरपंच, पूर्व विधायक ढाल सिंह मर्सकोले सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी की मध्यप्रदेश यात्रा को भव्य स्वरूप दें - मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने तैयारियों की समीक्षा की**

सिवनी यशोः- मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 27 जून को भोपाल और शहडोल यात्रा को भव्य स्वरूप दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने आने वाले नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इस बात का ख्याल रखा जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय समत्व भवन में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी और मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस भी मौजूद थे।

**पीवीसी आयुष्मान कार्ड का वितरण**

बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शहडोल में पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण योजना का शुभारंभ करेंगे। देश में पहली बार प्रदेश में 3 करोड़ 57 लाख आयुष्मान हितग्राहियों को डिजिटल आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा योजना के शुभारंभ के बाद ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पीवीसी कार्ड वितरित किए जाएंगे। पंचायत स्तर पर इसके लिए आयुष्मान ग्राम सभा होंगी, जिसमें आयुष्मान हितग्राहियों के नाम पढ़े जाएंगे। नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है।

**सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ**

बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी शहडोल में राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047



का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य, जनजातीय, आयुष मंत्रालय और देश के 17 राज्य के प्रतिनिधि ऑनलाइन शामिल होंगे। कार्यक्रम में वर्चुअली प्रदेश के 20 जनजातीय बहुल जिलों के 89 विकास खण्ड के करीब 3 हजार हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों के 2 लाख से अधिक हितग्राहियों को सिकल सेल जेनेटिक काउन्सलिंग कार्ड का वितरण किया जाएगा। इन कार्डों में सिकल सेल एनीमिया के परीक्षण के बाद उसकी रिपोर्ट होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी इस मौके पर सिकल सेल आपरेशन गाइड लाइन का अनावरण, नेशनल सिकल सेल पोर्टल एवं डेश बोर्ड का भी शुभारंभ करेंगे। सिकल सेल मेनुअल का भी अनावरण होगा। कार्यक्रम का प्रदेश भर में 25 हजार 500 से अधिक स्थानों पर सीधा प्रसारण होगा। इनमें प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ सिविल अस्पताल, जिला अस्पताल, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, चिकित्सा महाविद्यालय, शहरी स्थानीय निकाय और नगर निगम मुख्यालय शामिल हैं।

**फिल्म प्रदर्शन**

प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यक्रम में प्रदेश में सिकल सेल के उन्मूलन के संबंध में तैयार की गई फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रधानमंत्री, ग्रामीणों एवं जन-प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे और सामूहिक भोज में भी शामिल होंगे। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान और प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य श्रीमती पल्लवी जैन गोविल ने कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री राम खेलावन पटेल, शहडोल के कमिश्नर एवं कलेक्टर ने की जा रही व्यवस्थाओं की वर्चुअली जानकारी दी।

**प्रधानमंत्री वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी**

प्रधानमंत्री श्री मोदी 27 जून को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर 2 वंदे भारत ट्रेन, भोपाल-इंदौर और भोपाल -जबलपुर को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रेल्वे अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के नागरिक रेल्वे स्टेशन पर होने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुन सके, ऐसे इंतजाम किए जाएँ।

## ओपन इंडिया इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में 2 मेडल सिवनी जिले ने जीते

सिवनी यशोः- जिला कराते संघ सिवनी के जांबाज खिलाड़ियों ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 17 एवं 18 जून 2023 को ओपन इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में सिवनी के 5 खिलाड़ियों ने भाग लिया। देश-विदेश के 2500 कराते खिलाड़ी ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया जिसमें इंडिया, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया एवं अन्य देशों ने इस कराते चैंपियनशिप में भाग लिया।शिकोकाई इंटरनेशनल चीफ इंटर कराते मेंटर हांशी भरत शर्मा चीफ इंस्ट्रक्टर ऑफ शीकोकाई इंटरनेशनल एंड टेक्निकल कमिशन मेंबर ऑफ वर्ल्ड कराते फेडरेशन एवं शिहांन विक्की कुमार यादव द्वारा चैंपियनशिप आयोजित की गई। मध्य प्रदेश से सेंसाई महेश कुशवाहा सेंसेई राजेंद्र सिंह तोमर ने मध्य प्रदेश की टीम का नेतृत्व किया।सेंसेई ओमकार कश्यप ने बताया कि सिवनी जिले से 5 कराते खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में भाग लिया टीम कोच सेंसेई राधिका कश्यप के मार्गदर्शन में इस कराते चैंपियनशिप को खेला गया। जिसमें सबजूनियर बालक वर्ग काता में धैर्य सोनी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया, कैडेट -57 किलोग्राम कुमिते में कु. गौरवी आर्य ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर सिवनी जिले के नाम को गौरवान्वित किया। सब जूनियर में कु. पार्वती सनोडिया, सबजूनियर में कु. इशिका सूर्यवंशी, सीनियर वर्ग में कु. अनन्या तिवारी कुमिते में भाग लिया।सिवनी जिले में छात्र-छात्राओं एवं नव युवकों को सिवनी जिले में 38 वर्षो से सेंसेई ओमकार कश्यप लगातार ट्रेनिंग देते आ रहे हैं जिससे जिला, संभाग, स्टेट, नेशनल एवं इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में खिलाड़ी विजय प्राप्त कर सिवनी जिले के नाम को लगातार गौरवान्वित करते आ रहे हैं। इन खिलाड़ियों को खेल संघ एवं खेल प्रेमी एवं जिला का राज्य संघ सिवनी के पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की एवं इनकी कोच सेंसेई राधिका कश्यप को भी शुभकामनाएं दी।

## कुएं में गिरने से 7 वर्षीय बालक की मौत, खेलने के दौरान हुआ हादसा

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के केवलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरवाडा में एक घर के सामने 7 वर्षीय बालक खेल रहा था। जहां खेलते-खेलते वह घर के पास बने एक कुएं में गिर गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन पहुंचे और बालक को कुएं से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक बालक की मृत्यु हो चुकी थी।

घटना की जानकारी केवलारी पुलिस को दी गई। जहां सूचना के बाद केवलारी पुलिस मौके पर पहुंची। और बालक के शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक का नाम अक्षय बताया जा रहा है।

जिस कुएं में बालक गिरा वह खुला हुआ है और आधे कुएं में लकड़ी की बल्ली लगी हुई हैं। साथ ही गहराई भी अधिक है। जिसके कारण यह हादसा हो गया। पुलिस की ओर से परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## कृषि स्थायी समिति की बैठक 27 जून को

सिवनी यशोः- जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति की बैठक 27 जून 2023 को कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सिवनी के बैठक हॉल में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है।

## आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ 25 जून तक करें आवेदन

सिवनी यशोः- प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि संस्था नीवन सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रवेश हेतु 25 जून 2023 तक प्रवेश पोर्टल 222.स्न्ह्यस्न.द्धश्च.द्द्य1.द्धठ्ठ पर पंजीयन करा सकते हैं। आवेदक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बतया कि आईटीआई में अब तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया होती थी, लेकिन इस सत्र में बदलाव किया गया है अब एमपी ऑनलाइन के स्थान पर इच्छुक आवेदक प्रवेश पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में कार्यालयीन दिवस एवं समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

## दमोह में व्यक्ति की पत्थर से कुचलकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

दमोह। दमोह जिले के पथरिया नगर में व्यक्ति की पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार सुबह की है। मृतक पप्पू ठाकुर (50) के परिजन की निशानदेही पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नशे में बताए जा रहे हैं। द्रोपदीबाई ने बताया कि हमें खबर मिली कि जेठ पप्पू ठाकुर कृषि मंडी गेट के बाहर पड़े हुए हैं। जब हम बाइक से मौके पर पहुंचे, तो वहां मौजूद लोगों ने दो युवकों की ओर इशारा करके बताया कि इन्होंने ही मारा है।

## सर्पदंश से 7 वर्षीय बच्ची की मौत

### बगदरी ग्राम की घटना, डॉक्टर दे रहे सावधानी और उपचार की सलाह

यशोः- सिवनी जिले में बरसात शुरू होने के पूर्व बूंदाबांदी होने से जहरीले सर्प घरों की तरफ पहुंच रहे हैं, जो लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिले में सर्पदंश के कई मामले सामने आने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत बगदरी गांव में शाम के समय घर के बाहर खेल रही 7 वर्षीय मासूम बच्ची को जहरीले सांप ने डस दिया। जिसे घंसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान बच्ची की हुई मौत हो गई। मृतक का नाम महिमा धुर्वे पिता बहादुर धुर्वे (7) निवासी बगदरी है। कई बार देखने में आता है कि लोग सर्प दंश के व्यक्ति को झाड़-फूंक के लिए ले जा लेते हैं। जिसके कारण जहर शरीर में फैल जाता है। समय से उपचार न मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो जाती है।

इसको लेकर धनोरा सीएचसी के डॉक्टर आरजे प्रसाद और घंसौर अस्पताल की डॉ. भारती सोलंकी सोनकेशरिया लोगों को सलाह दे रही है कि यदि किसी भी व्यक्ति को सर्प डसता है तो वह शीघ्र उसे हॉस्पिटल लेकर आएं। ताकि समय रहते उसका उपचार किया जा सके। वहीं हॉस्पिटलों में भी इसके इलाज के लिए इंजेक्शन भी रखे जाते हैं। ताकि सर्प दंश से किसी भी व्यक्ति की मौत ना हो। वहीं डॉक्टर ने लोगों को सावधानी बरतने के लिए भी आग्रह किया है।

## स्वरोजगार हेतु "संत रविदास स्वरोजगार योजना" का लाभ ले अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियां

सिवनी यशोः- कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि प्रदेश शासन द्वारा म.प्र.राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक कल्याण एवं स्वंय के स्वरोजगार स्थापित करने हेतु वर्ष-2023-24 में %%संत रविदास स्वरोजगार योजना%% अंतर्गत विनिर्माण उद्योग हेतु रू. 1 लाख से 50 लाख रूपये तक की उद्योग परियोजनाएं जैसे एग्रो प्रोससिंग, फूड प्रोसेसिंग कोल्ड स्टारेज, मिल्क प्रोसेसिंग व उद्योग से संबंधित अन्य परियोजनाएं एवं सेवा इकाई अंतर्गत जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फुटवेयर मरम्मत, किराना व्यवसाय, कपड़ा व्यवसाय व अन्य परियोजना हेतु राशि 1 लाख से 25 लाख रूपये बैंक के माध्यम से ऋण के रूप में उपलब्ध कराया जाता है।

इच्छुक व्यक्ति samast.mponline.gov.in/portal/login पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। 18 से 40 वर्ष के 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, परिवार की वार्षिक आय रूपये 12.00 लाख से अधिक व आयकर दाता न हो। ऐसे इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेज अनुसूचित जाति का स्थाई प्रमाण पत्र शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, निर्वाचन परिचय पत्र बैंक बचत खाते की सत्य प्रतिलिपि, पेन कार्ड, वांछित व्यवसाय का चालू दर कोटेशन आवश्यकता अनुसार प्रोजेक्ट रिपोर्ट (सी.ए.) समग्र आई.डी स्वाप्रमाणित एवं एक पासपोर्ट आकार के फोटो आवेदन पत्र के साथ संबंधित कार्यालय में जमा करें।

वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित/शेष ऋण पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान, अधिकतम 7 वर्षो तक नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय एवं राशि) की शर्त पर दिया जायेगा एवं म.प्र.शासन द्वारा गारंटी फीस देय होगी।

आवेदक योजना अंतर्गत आवेदन करने के पूर्व कार्यालय/ मोबाईल नंबर 7987030139 पर अवश्य संपर्क करें। आवेदन पत्र से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालयीन समय 10 बजे से 6 बजे के बीच कार्यालय कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित (कलेक्टर परिसर) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## 12 घंटे में जिले में 1552 भूमि प्लाटों का सीमांकन, एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

भोपाल। सतना जिले में एक दिवस में 1552 भूमि प्लाटों के सीमांकन के नवाचार को एशिया बुक ऑफ द रिकार्ड्स एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। संस्था की ओर से उनके प्रतिनिधियों ने 21 जून 2023 को सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अनुराग वर्मा को इन उपलब्धियों का प्रमाण पत्र एवं मेडल सौंपे।

बता दें कि मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 2.0 के दौरान सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा 20 मई 2023 को एक दिवस में राजस्व अधिकारियों के सहयोग से मैदान में जाकर 1552 भूमि प्लाटों के सीमांकन का नवाचार किया गया था। इसे रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। 21 जून को प्रमाण-पत्र और मेडल सौंपे गए। इस मौके पर राजस्व विभाग की इस महत्वपूर्ण दो उपलब्धियों पर कलेक्टर का संस्था और राजस्व विभाग की ओर से अभिनंदन किया गया। जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की ओर से सीमांकन के महाअभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कोटवार, चौकीदार तक के अमले को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि जिले में एक दिन में 12 घंटे के भीतर 1552 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण एक संयुक्त टीम के प्रयास का परिणाम है। इसमें कलेक्टर से लेकर कोटवार तक सभी राजस्व अमला मैदान में लगा रहा। उन्होंने कहा कि सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के लिए अविवादित सीमांकन के लंबित प्रकरणों में सभी औपचारिक प्रकियाएं पूर्ण कर राजस्व अधिकारियों को 1275 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य दिया गया था। इसमें राजस्व अधिकारियों और अमले में जी तोड़ मेहनत कर लक्ष्य से कहीं अधिक 1552 प्रकरण निराकृत कर आरसीएमएस पोर्टल में विधिवत दर्ज कराए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिले में मिली इस उपलब्धियों के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स तथा इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधि डॉ. हर्षित तिवारी ने कहा कि एक जिले में 12 घंटे में 1552 लैण्ड डी मार्केशन का रिकॉर्ड देश और एशिया में बना है। यह एक असाधारण गतिविधि और कड़ी मेहनत तथा संयुक्त प्रयास और निर्देशन का सफल परिणाम है। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था देश-विदेश में होने वाली असाधारण गतिविधियों की व्यापक तहकीकात करती है और प्रमाणित होने के बाद ही एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड तथा इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम शामिल किया जाता है। डॉ. हर्षित तिवारी ने संस्था की ओर से एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड तथा इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने का पृथक-पृथक प्रमाण पत्र और मेडल कलेक्टर अनुराग वर्मा को भेंट किए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द सिंह ने पूरे अभियान के पावर प्रजेंटेशन करते हुए बताया कि सतना जिले में सीमांकन के विशेष अभियान में जिले के 566 पटवारी और राजस्व अधिकारियों के सहयोग से 1552 सीमांकन कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में किए गए हैं। 20 मई को सुबह से शाम तक चले अभियान में सतना जिले के 9 अनुविभाग, 11 तहसीलों के राजस्व अधिकारी पूरा दिन मैदान में जुटे रहे और शाम से देर रात तक आरसीएमएस पोर्टल में विधिवत सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण को दर्ज कराया। हालांकि कलेक्टर सतना ने एक दिन में 1275 लंबित सीमांकन प्रकरणों का टारगेट दिया था। लेकिन राजस्व अधिकारियों ने भरी दोपहर कड़ी मेहनत कर लक्ष्य से कही अधिक प्रकरण निपटाए। किसानों और काश्तकारों को मौके पर ही सीमांकन प्रमाण पत्र भी दिए गए। सुबह से शाम तक चले अभियान में सबसे अधिक मैहर तहसील में 238 सीमांकन प्रकरण निपटे जबकि नागौद में 222, रघुराजनगर में 184, रामपुर बघेलान में 215, अमरपाटन में 103, मझगवां में 114, उचेहरा 137, रामनगर में 128, बिरसिंहपुर में 81 प्रकरण तहसील कोटर में 63 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इस प्रकार एक दिनी महा अभियान में 11 तहसीलों में कुल 1552 लंबित सीमांकन प्रकरणों का निराकरण हुआ।

## मजदूरों के नाम पर बैंक खाता खोलकर करोड़ों का ट्रांजैक्शन, मुंबई और दिल्ली की पुलिस जांच में जुटी

**वारासिवनी स्थित एचडीएफसी बैंक में मजदूरों के नाम पर बैंक खाता खोलकर करोड़ों रुपये का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में दिल्ली और मुंबई पुलिस छानबीन कर रही है। कुछ मजदूरों ने पुलिस में शिकायत भी की है।**

जबलपुर। बालाघाट जिले के वारासिवनी स्थित एचडीएफसी बैंक में मजदूरों के नाम पर बैंक खाता खोलकर करोड़ों रुपये का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मुंबई की भायखला पुलिस तथा दिल्ली साइबर क्राइम की टीम जांच के लिए पहुंची तो खाताधारियों को इस बात की जानकारी लगी। खाताधारियों ने इस संबंध में वारासिवनी थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

गौरतलब है कि मुबई स्थित भायखला पुलिस धारा 420, 419 आईटी एक्ट की धारा 66 सी, 6 6ई के तहत दर्ज अपराध की विवेचना के लिए वारासिवनी आई थी। मुंबई पुलिस ने कुछ युवकों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की थी। दिल्ली पुलिस की साइबर शाखा ने बुदबुदा ग्राम निवासी पांच युवकों को नोटिस भेजकर एचडीएफसी बैंक वारासिवनी शाखा में उनके खातों से करोड़ों रुपयों का ऑनलाइन लेन-देन किए जाने के संबंध में जवाब तलब किया है। बैंक खाते से करोड़ों रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने की जानकारी लगने पर खाताधारियों में हड़कंप की स्थिति मच गई। नोटिस मिलने से घबराए युवकों ने एचडीएफसी बैंक की वारासिवनी शाखा में पहुंचकर उनके खातों में किए गए लेन-देन की जानकारी मांगी तो बैंक स्टेटमेंट देखकर उनके होश उड़ गए।

पीड़ितों के अनुसार बैंक में सेल्स एजेंट के रूप में कार्यरत प्रियांशु बंजारी (25) तथा उसके साथी कनक चौधरी ने टारगेट का हवाला देते हुए जीरो बैलेंस का खाता खोलने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, परिचय पत्र, फोटो एवं उनका मोबाइल नंबर लिए थे। इसके बाद वह काम करने हैदराबाद चले गए थे। खाते के संबंध में प्रियांश से पूछताछ की तो उसने बताया कि कुछ कारणों से उनका खाता नहीं खुल सका। इसके बाद पीड़ितों ने दस्तावेज उनके परिजनों को सौंपने के लिए कहा था। बैंक के 22 खाताधारियों के नाम पर लगभग 80 करोड़ रुपये का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन किया गया है। एसडीओपी वारासिवनी ने बताया कि चार-पांच लोगों द्वारा इस संबंध में शिकायत की गई है। उनकी शिकायत पर जांच जारी है और अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं।

## स्वीकृत नल जल योजनाओं का कार्य प्रारंभ करने में भारी विलंब परसवाड़ा में जल जीवन मिशन से नहीं हो रहा काम

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश के मंडला जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत घोर लापरवाही मनमानी व धांधली की जा रही है इस जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत सही तरीके से नल जल योजना के कार्य नहीं कराए गए हैं, वह नहीं कराए जा रहे हैं इनका कोई भी काम अभी तक पूरी तरह पूर्ण नहीं हो पाया है। जिससे नागरिक संतुष्ट हो सके जानकारी मिली है कि मंडला जिले की जनपद पंचायत नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल योजना स्वीकृत हुई है, जिसमें नदी किनारे पानी की व्यवस्था हेतु बोरिंग का काम कराया गया है के बाद पाइप लाइन बिछाने व घर घर नल कनेक्शन करने तथा पानी की टंकी का निर्माण करने में भारी विलंब किया जा रहा है। यहां के नागरिकों की मांग है कि शीघ्र ही जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम परसवाड़ा में नल जल योजना का कार्य एक माह में पूर्ण कराया जावे।

## सुख समृद्धि की कामना के साथ सुहागलों का कार्यक्रम संपन्न

सिवनी यशोः गुरूवार को इंदिरा भवन कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी में जिले की सुख समृद्धि की कामना लिए वरिष्ठ काँग्रेस नेत्री श्रीमती ललिता बघेल, महिला काँग्रेस अध्यक्ष श्रीमती चित्रलेखा नेताम जी, श्रीमती कविता कहार जी, पार्षद श्रीमती आकांक्षा सेंगर, पार्षद श्रीमती नेहा प्रथयानी श्रीमती योगिता सनोडिया , श्रीमती तृप्ति नामदेव जी, पूर्व पार्षद श्रीमति नारायणी सक्सेना, श्रीमती अपर्णा राजकुमार खुराना सहित समस्त काँग्रेस नेत्री एवँ माताओं बहनों की गरिमामयी उपस्थित में पूर्ण विधि विधान के साथ सुहागले पूजन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला काँग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना जी सहित कार्यकारी अध्यक्ष सेवक राम चन्द्रवँशी जी एवँ काँग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# जल संसाधन विभाग बना रहा 5 करोड़ का घटिया वैराज

**कार्य में हो रही गड़बड़ी अनदेखा कर रहे अधिकारी***

छपारा /सिवनी यशोः- जल संसाधन विभाग अंतर्गत लखनादौन सबडिवीजन की गणेशगंज गुंगवारा में बहने वाली बिजना नदी पर 5 करोड़ से अधिक स्वीकृत राशि से बैराज (स्टॉपडेम) बनाया जा रहा है जिसमें जल संसाधन विभाग के उपयंत्री एसडीओ की अनदेखी के चलते ठेकेदार द्वारा घटिया स्तर का कार्य कर निर्माण कार्य को अंजाम दे रहा है मौके पर ना तो तकनीकी अमला उपस्थित रहता है नाही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है ठेकेदार तकनीकी मापदंडों को दरकिनार कर 5 करोड़ का बैराज का निर्माण कर रहा है निर्माण कार्य मैं हो रही गड़बड़ी पर कोई भी अधिकारी जवाबदारी लेने से बच रहे हैं

**ग्राम पंचायतों के चैकडेमो की तर्ज पर बन रहा पांच करोड़ का बैराज**

जल संसाधन विभाग द्वारा गणेशगंज गुंगवारा ग्राम स्थित बिजना नदी पर

बनाए जाने वाला बैराज (स्टॉपडेम) में गुणवत्ता की अनदेखी स्पष्ट देखी जा सकती है 5 करोड़ के बैराज में कोई भी तकनीकी मापदंड देखने व समझने में नहीं आ रहा जिस तरह ग्राम पंचायतों में बिना तकनीकी मापदंड के चैकडेम बनाए जाते हैं वैसे ही यह 5करोड़ की लागत का बैराज बनाया जा रहा है ज्ञात हो कि बिजना नदी में बरसात के पानी का बहाव अधिक होता है नदी पर बैराज निर्माण स्थल पर मिट्टी भराव की मात्रा अधिक है विजना नदी के दोनों तटों को जोड़कर कांक्रीट भरा जा रहा है ठेकेदार द्वारा तकनीकी प्रक्रिया का पालन किए बिना आड़ी तिरछी सेंटिग प्लेट लगाकर निर्माण कार्य की खानापूर्ती कर रहे हैं बैराज की वॉल भी सीधी नहीं है मौके तकनीकी उपकरण का अभाव है कांक्रीट की गुणवत्ता मापने के उपकरण भी मौके पर नहीं है बेतरतीब लगी सेंटिंग प्लेटों में फ्युरी मशीन के माध्यम से कांक्रीट मटेरियल डालकर केवल दीवार मात्र बना रहे हैं उक्त कांक्रीट मटेरियल में घटिया गिट्टी और डस्ट की मात्रा भी मिलाई जा रही है जबकि विजना नदी के उत्तरी व दक्षिणी पाठ में मिट्टी का भराव अधिक है जो नदी के बाढ़ में मिट्टी का कटाव होने की पूरी संभावना है यदि विभाग के अधिकारी तकनीकी मापदंड को अनदेखा करेंगे तो 5 करोड़ की लागत से बनने वाला विराज आम जनता के लिए अनुपयोगी साबित होगा

**अधिकारियों को निर्माण लागत की नहीं है जानकारी**

लखनादौन डिविजन जल संसाधन विभाग में पदस्थ उपयंत्री और एसडीओ को विजना नदी पर 5 करोड़ से अधिक राशि की लागत से बनने वाला बैराज की निर्माण लागत ज्ञात नहीं है जब बैराज की निर्माण लागत के संबंध में उपयंत्री एसडीओ से बात की गई तो उन्होंने अलग-अलग लागत की जानकारी देकर उक्त कार्य की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी देने से बचते रहे

**इनका कहना है**

गणेशगंज गुंगवारा में निर्माणाधीन बैराज की निर्माण लागत स्पष्ट नहीं है फिर भी यह बैराज दो से तीन करोड़ की लागत से बन रहा है बैराज निर्माण में गुणवत्ता की देखरेख की जा रही है

**शंकर दयाल त्रिपाठी उपयंत्री***
***सबडिवीजन लखनादौन जल संसाधन विभाग**

निर्माणाधीन बैराज स्टॉपडेम की निर्माण लागत करीब 3 करोड़ रुपए होगी आपके द्वारा घटिया मटेरियल गुणवत्ता के संबंध में जानकारी दी गई है मौके पर जाकर दिखवाता हूं

**ऋषभ साहू एसडीओ सबडीविजन लखनादौन**

बैराज स्टॉप डेम की निर्माण लागत 5 करोड़ से अधिक की है घटिया निर्माण सामग्री से बैराज निर्माण हो रहा है तो जांच करवाता हूं यदि गड़बड़ी हो रही है तो कार्य को रोक दिया जाएगा

**एन के बेलवंशी ई. ई. जल संसाधन विभाग सिवनी**

## नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा

सिवनी यशोः- नाबालिग पीड़िता उम्र 16 वर्ष ने थाना कुरई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी संजय उर्फ गुड्डु पिता रामसिंह उइके उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम नयेगांव से उसकी जान पहचान होने के कारण वह उससे फोन पर बात करती थी,उसी का फायदा उठाकर अक्टूबर 2020 में आरोपी एक दिन उसके माता पिता की अनुपस्थिति में उसके घर आया,ओर शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ गलत काम किया था, तब से दिनांक 02/07/2021 तक उसको धमकी देकर आये दिन लगातार गलत काम करते रहा,एक दिन उसने उसके माता- पिता को घटना कि सारी बात बताई । नाबालिग पीड़िता के रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 260/21 के अन्तर्गत धारा 366ड़ु,376,376,(2),(ठ्) ढ्ढ़, 5द्य ,6 श्चड्डष्ह्यश ड्डष्ह्ल के तहत अपराध आरोपी के विरुद्ध पंजीबद्ध किया था, विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय(पॉस्को)के सामने प्रस्तुत किया गया था। शासन की ओर से माननीय संचालक महोदय के निगरानी मे, विशेष लोक अभियोजक/ जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमति दीपा मर्सकोले के द्वारा विशेष रूचि लेकर गवाहों एवं सबूतों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया एंव तर्क दिया गया कि अभियुक्त के द्वारा नाबालिग पीडिता के साथ ऐसा घिनौना कृत्य किया गया है। जिला अभियोजन अधिकारी सिवनी के सबूतो एवं तर्को से सहमत होते हुए माननीय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) महोदय द्वारा आरोपी को धारा 3/4 (2) पाक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है ।

# हालोन प्रोजेक्ट के काम में हो रही लेटलतीफी

**कलेक्टर ने जताई नाराजगी**

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बिछिया विकासखंड के विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए उन्हें उचित गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के तकनीकि अधिकारी कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों में गति लाने का प्रयास करें। भ्रमण के दौरान सहायक कलेक्टर अर्थ जैन, एसडीएम बिछिया सर्जना यादव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

**सीएम राईज स्कूल अंजनिया का निरीक्षण**

भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिडाना ने सीएम राईज स्कूल अंजनिया में चल रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा शाला भवन के मरम्मत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर हर स्तर पर जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। कार्यों को 30 जून तक पूर्ण कराएं। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति के संबंध में नियमित फीडबैक भेजने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सीएम राईज स्कूल भवन के लिए प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण किया, उन्होंने तहसीलदार को विद्यालय परिसर का सीमांकन करने के निर्देश दिए।

**विद्यालय से आत्मीय रूप से जुड़ें शिक्षक**

अंजनिया में सीएम राईज स्कूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शिक्षकों से चर्चा करते हुए विद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर और अकादमिक रूप से समर्थ बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालय से आत्मीय रूप से जुड़ें। विद्यालय भवन तथा फर्नीचर के समुचित रख-रखाव करें। शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। बेहतर कार्ययोजना बनाकर पाठ्यक्रम को समय से पूर्व पूर्ण कराने का प्रयास करें। शिक्षक बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर उदाहरण प्रस्तुत करें।

**हालोन परियोजना का निरीक्षण**

बिछिया भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने हालोन परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य एजेंसी से पिलर, गेट, केनाल तथा सर्वे आदि कार्यों के संबंध में जानकारी लेते हुए कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। बीते 2 माह में संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कार्यएजेंसी समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रोजेक्ट के सभी घटकों में एकसाथ काम सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने केनाल के मरम्मत के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

## घर में अवैध बिक्री के लिए रखी थी शराब

### अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान

मंडला यशोः- जिला आबकारी विभाग अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान चला रहा है। जिसके तहत आबकारी वृत मण्डला में मुखबिर से सूचना मिलने पर रानी अवंतीबाई वार्ड में रिहायशी मकान में राहुल विश्वकर्मा पिता सीताराम 31 वर्ष के मकान की विधिवत तलाशी लेने पर 06 पेटी विदेशी मदिरा बरामद की गई। मदिरा को जब्त कर कब्जे में लिया गया। जिसकी मात्रा 53.64 बल्क लीटर धारण क्षमता से अधिक होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1), क, 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किए जाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

उक्त कार्रवाई के दौरान वृत प्रभारी मंडला आबकारी उपनिरीक्षक एवं आबकारी बल उपस्थित रहा।

जिला आबकारी विभाग अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान चला रहा है। जिसके तहत आबकारी वृत मण्डला में मुखबिर से सूचना मिलने पर रानी अवंतीबाई वार्ड में रिहायशी मकान में राहुल विश्वकर्मा पिता सीताराम 31 वर्ष के मकान की विधिवत तलाशी लेने पर 06 पेटी विदेशी मदिरा बरामद की गई। मदिरा को जब्त कर कब्जे में लिया गया। जिसकी मात्रा 53.64 बल्क लीटर धारण क्षमता से अधिक होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1), क, 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किए जाकर न्यायालय में प्रस्तुत किया। उक्त कार्रवाई के दौरान वृत प्रभारी मंडला आबकारी उपनिरीक्षक एवं आबकारी बल उपस्थित रहा।

# बाइक और मैजिक की टक्कर में 6 घायल, तीन गंभीर, जबलपुर रेफर

मंडला यशोः- मंडला नेशनल हाईवे 30 में ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान एक बाइक की सामने से आ रही मैजिक वाहन से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 6 लोग घायल हो गए, जिनमें 3 की गंभीर स्थिति देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हाईवे जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझाकर शांत किया तब जाकर करीब एक घंटे बाद हाईवे पर लगा जाम खुला।

**तीन गम्भीर और तीन को मामूली चोटें**

बताया गया कि एक बाइक में चार व्यक्ति ग्राम कुंडा से ग्राम सागर की ओर जा रहे थे। नेशनल हाईवे 30 में सहजनी और चिरईडोंगरी के बीच एक ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान बाइक, सामने से आ रहे मैजिक वाहन से भिड़ गई।

इसमें चारों बाइक-सवार और मैजिक के चालक, परिचालक घायल हो गए। मौके से गुजर रहे नारायणगंज बीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल ने घायलों को अपने वाहन से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इनमें तीन बाइक सवारों की गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है।

घायलों में सतीश पुंदे पिता सुकरत सिंह (13) निवासी ग्राम कुंडा, हेमराज नोखेलाल पुंदे (15) निवासी ग्राम कुंडा, सुकरत पिता चैनसिंह पुंदे (38) निवासी ग्राम कुंडा, खुमान सिंह पिता नोखे लाल निवासी ग्राम कुंडा, सहीद पिता अफसर कुरेशी 21 भोपाल, फरहान उल हक पिता इमाम भोपाल, शामिल है

**स्थानीय लोगों ने किया हाईवे जाम**

वही घटनास्थल पर आक्रोशित लोगों ने हाईवे में जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि पिछले दिनों भी इसी मार्ग पर सड़क हादसा हुआ था जिसमें एक की मौत हो गई थी। तब रोड की मरम्मत कराए जाने और रोड निर्माण एजेंसी द्वारा मृतक परिवार को 25 हजार रुपए की सहायता राशि देने की बात कही गई थी। लेकिन अभी तक राशि नहीं प्रदान की गई है। जिसकी वजह से लोग नाराज हैं और हाईवे को जाम कर दिया। घटना स्थल पर पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच कर लोगो को समझा बुझा कर जाम खुलाया गया।

## पतंजलि योग समिति ने कराया योग

मंडला यशोः- बुधवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला जेल सहित शैक्षणिक संस्थाओं में पतंजलि योग समिति द्वारा योग कराया गया। वरिष्ठ योग शिक्षक सम्पत श्रीवास, राम गोपाल पटैल, चंद्रगुप्त नामदेव ने बताया कि योग दिवस के अवसर पर जिला जेल में उनके द्वारा पुरूष बैरक में बंदियों को योग कराया गया। वहीं महिला बैरक में साधना सिंह, कविता शुक्ला, दिशा चक्रवर्ती ने महिला बंदियों को योग कराया। इसी तरह जिला सत्र न्यायालय में राजेन्द्र उपाध्याय, केडी दुबे ने न्यायालयीन कर्मचारियों-अधिकारियों को योग कराया। बताया गया कि पतंजलि योग समिति के अन्य सदस्यों ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में भी छात्र-छात्राओं को योग कराते हुए योग का महत्व भी बताया।

## ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग व प्राणायाम के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए



मंडला यशोः- ब्रह्माकुमारीज संस्थान मंडला द्वारा 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वसुधैव कुटुबकम के लिए योग विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बस स्टैंड के पीछे स्थित विश्व शांति भवन के सभागृह में किया गया। इस कार्यक्रम में मण्डला क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, पतंजलि योगपीठ से योग प्रशिक्षक सुनील बाली , रामगोपाल पटेल, योगीराज हॉस्पिटल के मैनेजर गौरव यादव और स्थानीय नागरिक सहित ब्रह्माकुमार भाई बहन उपस्थित रहे।

ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि योग स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है और स्वास्थ्य के अंतर्गत मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य आता है, आध्यात्मिक स्वास्थ्य मेडिटेशन करने से प्राप्त होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग व प्राणायाम करते हैं। मेडिटेशन के द्वारा मनोबल और मन की शक्ति बढ़ा सकते हैं।

भ्राता सुनील बाली ने ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज में सिखाया जाने वाला मेडिटेशन सभी को मन की शांति प्रदान करता है। भ्राता राम गोपाल पटेल ने कहा कि सभी को स्वस्थ रहने के लिए योग व प्राणायाम करते रहना चाहिए। गौरव यादव ने कहा कि योग के द्वारा हम शरीर के सभी रोगों को दूर कर सकते हैं। इसके बाद सभी को योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। यह योग व प्रशिक्षण 5 दिन के लिए स्थानीय सेवाकेंद्र ष्विश्व शांति भवनष् के सभागृह में रखा गया। जिसमें शरीर को स्वस्थ रखने के लिए महत्वपूर्ण योगाभ्यास कराए गए। इसके साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शीतला माता जी के मंदिर के प्रांगण में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी,पतंजलि योगपीठ से योग प्रशिक्षक भ्राता सुनील बाली, रामगोपाल पटेल, बहन अर्चना देशमुख एवं स्थानीय नागरिक सहित ब्रह्माकुमार भाई बहनें उपस्थित रहे। इसमें योग प्रशिक्षकों के द्वारा योग और प्राणायाम कराया गया।

## 148वीं वाहिनी के द्वारा 09 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

मंडला यशोः- देश की आंतरिक सुरक्षा एवं नक्सलवाद माओवाद का खात्मा करने के लिए प्रतिबद्ध केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 148 वीं वाहिनी मंडला एवं बालाघाट में तैनात है। 148 वीं वाहिनी के द्वारा 09 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पवन कुमार शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक मध्य प्रदेश सेक्टर व विक्रांत सारंगपाणि कमाण्डेन्ट के सानिध्य में अधिकारियों व जवानों के द्वारा सहस्त्रधारा, मंडला में योग किया गया। इस कार्यक्रम में पवन कुमार शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक केरिपु बल मध्यप्रदेश सेक्टर के द्वारा जवानों की सराहना किया गया ।

## 29 को मनेगा ईद उल अजहा त्यौहार

**सिवनी यशोः- ईद उल अजहा का त्यौहार आगामी 29 जून को मनाया जाएगा। त्यौहार मनाने की तैयारियां मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा की जा रही हैं। शहर काजी मो.अनीस अंसारी ने बताया कि ईद उल अजहा बरोज जुमेरात 29 जून को मनाया जाएगा।**

## प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने नैनपुर में किया जनसंपर्क।



मंडला यशोः- जनसंपर्क से जन समर्थन अभियान के तहत नैनपुर में राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने प्रसिद्ध मूर्तिकार एवं चित्रकार श्री एस राम एवं पर्वतारोही अंकित नामदेव से मिलकर उनका सम्मान किया एवं प्रधानमंत्री जी के 9 वर्ष के कार्यकाल के संबंध में परस्पर संवाद किया केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यो को प्रदर्शित करती पुस्तक भी भेंट किया।इस अवसर पर प्रदेश मंत्री श्री आशीष दुबे महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री अश्विनी परांजपे जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी भगवती श्रीधर अंजनी तिवारी जी आशीष झरिया दिनेश रजक नरेश चंद्रौल प्रवीण तिवारी कुलदीप डोंगरे आदित्य सेन सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी बैंक के कर्मचारी ताला लगाकर कर रहे काम

मंडला यशोः- इस समय किसान खरीफकी फसल की तैयारी में लगा है फसल के लिए जरूरी खाद-बीज की खरीदी के लिए किसान बैंक पहुंच रहे हैं ताकि जमा राशि निकालकर उस राशि का उपयोग खरीफकी फसल के लिए जरूरी खाद-बीज की खरीदी के लिए कर सके लेकिन कुछ बैंकों में किसानों को परेशान किया जा रहा है पड़ाव स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित कृषि शाखा जहां अधिकांशतः किसानों के खाते हैं यहां पिछले तीन दिनों से कर्मचारी अंदर से गेट में ताला लगाकर काम रहे हैं, जो किसान यहां पहुंच रहे हैं उन्हें सर्वर नहीं होने की बात कहकर वापिस किया जा रहा है।

**जानकारी देने से बच रहे अधिकारी**

पड़ाव स्थित इस जिला सहकारी बैंक पहुंचे बड़ी संख्या में किसानों ने बताया कि वे पिछले तीन दिनों से बैंक पहुंच रहे हैं क्योंकि उन्हें फसल की बोनी के लिए जरूरी खाद-बीज सहित अन्य जरूरी खरीदी करना है, इसके लिए वे अपने खाते से पैसा निकालना चाहते हैं लेकिन यहां बैंक में पिछले तीन दिनों से कर्मचारियों ने गेट में अंदर से ताला लगाकर रखा है। एक भृत्य को गेट में खड़ा कर दिया गया है जो सिर्फतीन दिनों से सर्वर नहीं होने की बात कह रहा है। किसानों का कहना है कि कम से कम बैंक का गेट खोला जाना चाहिए ताकि किसान सीधे अधिकारी से अपनी समस्या बता सकें लेकिन जिस बैंक में उन्होंने अपनी जमा पूंजी जमा की है उसी बैंक में उन्हें घुसने तक नहीं दिया जाना कहां तक उचित है।

**सर्वर की बन रही समस्या**

वहीं बैंक के कर्मचारियों से इस संबंध में जानकारी पत्रिका ने ली तो बताया गया कि पिछले दो-तीन दिनों से सर्वर की समस्या बन रही है। किसानों को बैंक में अंदर आने देने से वे पैसा निकालने के लिए विड्राल भरकर जमा कर देते हैं लेकिन जब बैंक बंद होने का समय हो जाता है और सर्वर शुरू नहीं होता तो ऐसे में किसान बगैर पैसा लिए जाने से इंकार करने लगते हैं विवाद पर उतारू हो जाते हैं लेकिन बगैर सर्वर पैसा निकालना संभव नहीं है इसलिए गेट में ताला लगाकर रखा जा रहा है। बैंक के अधिकारियों ने आज गुरूवार से सर्वर की समस्या समाधान होने की संभावना जताई है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297